**Tender Heart High School, Sector-33 B, Chandigarh.**

**कक्षा** - दसवीं
**विषय** - हिन्दी व्याकरण          **शिक्षिका** - श्रीमती कल्पना शर्मा

## पुस्तक : सरस हिन्दी व्याकरण नौं, दस

### उपविषय - अपठित गद्यांश

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

आज हम कक्षा दसवीं की हिन्दी व्याकरण की पाठ्य-पुस्तक सरस हिन्दी व्याकरण नौं-दस की पृष्ठ संख्या-158 पर दिए अपठित गद्यांश पर चर्चा करेंगे।

बच्चो ! 'अपठित' का अर्थ है – जो पहले न पढ़ा गया हो। अपठित गद्यांश गद्य का ऐसा अंश है, जिसे पहले न पढ़ा हो। विद्यार्थियों के ज्ञान और बोध का मूल्यांकन अपठित गद्यांश द्वारा ही हो सकता है। अपठित गद्यांश की भाषा, बोलचाल की भाषा से भिन्न होती है, उसका रूप साहित्यिक होता है। उसे पढ़कर यदि विद्यार्थी उस गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर ठीक तरह से दे पाए तो मान लेना चाहिए कि उसमें भाषा की समझ उत्पन्न हो गई है। पूछे गए प्रश्न अधिकतर अर्थग्रहण से संबंधित होते हैं, जिनके उत्तर विद्यार्थी को अपने शब्दों में लिखने होते हैं। उत्तर देने से पहले विद्यार्थियों को इन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

- सर्वप्रथम गद्यांश को कम से कम दो-तीन बार अवश्य पढ़ें।
- कठिन शब्दों को रेखांकित कर उनके समानार्थक समझने का प्रयास करें।
- प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर उन स्थलों को खोजें,